आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.02.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 4 हजार 641 करोड़ रुपये का रेलवे बजट आवंटित किया गया है।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों का रोमांच जारी, उत्तराखंड के विवेक पांडे ने भारत्तोलन में कांस्य पदक जीता।
- रुद्रप्रयाग जिले में पल्स एनीमिया महाअभियान के तहत 81 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई।
- प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना।

उत्तराखंड रेलवे बजट 1

उत्तराखंड को रेलवे बजट 2025–26 में ऐतिहासिक बढ़ोतरी मिली है। इस बार राज्य को 4 हजार 641 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो 2009–14 की तुलना में 25 गुना अधिक है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली से आज देशभर के पत्रकारों से वर्चुअली बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पीआईबी देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय बजट 2025–26 में उत्तराखंड में रेलवे नेटवर्क के लिए किए गए प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

गौरतलब है कि रेलवे विकास के तहत राज्य में 2014 से अब तक 69 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाए जा चुके हैं। जबकि 303 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण पूरा होने से उत्तराखंड शत–प्रतिशत विद्युतीकृत रेल नेटवर्क वाला राज्य बन गया है।

वर्तमान में राज्य में तीन नई रेल परियोजनाएँ जारी हैं, जिनके तहत 216 किलोमीटर नए ट्रैक बिछाने के लिए 25 हजार 941 करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 147 करोड़ रुपये की धनराशि से 11 रेलवे स्टेशनों को 'अमृत स्टेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें देहरादून, हरिद्वार जंक्शन, हर्रावाला, काशीपुर जंक्शन, काठगोदाम, किच्छा, कोटद्वार, लाल कुआं जंक्शन, रामनगर, रुड़की और टनकपुर शामिल हैं।

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 49 रूट किलोमीटर में आधुनिक 'कवच' तकनीक को मंजूरी दी गई है, जिससे रेल यात्रा और अधिक सुरक्षित होगी। राज्य में वर्ष 2014 के बाद से 100 रेलवे फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए हैं। इस बजट से उत्तराखंड के रेलवे नेटवर्क को बड़ा विस्तार मिलेगा, जिससे पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों के भारोत्तोलन मुकाबलों के आखिरी दिन आज रिकॉर्ड्स की बरसात हुई। पंजाब की महक शर्मा ने महिला 87 प्लस किलोग्राम वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 106 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 141 किलोग्राम भार उठाकर कुल 247 किलोग्राम का नया रिकॉर्ड बनाया। पुरुषों में तमिलनाडु के एस. रुद्रमयन ने स्नैच में 175 किलोग्राम उठाकर रिकॉर्ड बनाया, लेकिन कुल 355 किलोग्राम के साथ रजत तक सीमित रहे। सर्विसेज के लवप्रीत सिंह ने 367 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण और उत्तराखंड के विवेक पांडे ने 280 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक जीता। खास बात यह है कि टनकपुर निवासी विवेक ने दो साल पहले ही वेटलिफ्टिंग शुरू की है।

उधर, राष्ट्रीय खेल की निशानेबाजी स्पर्धा में पंजाब की सिफत कौर समरा ने 50 मीटर थ्री पोजीशन स्वर्ण पदक जीता। उनकी राज्य की साथी अंजुम मौदगिल को रजत और तेलंगाना की सुरभी भारद्वाज को कांस्य मिला। सिफत ने इसे अपने लिए ओलंपिक के बाद की वापसी बताया। पुरुषों की 10 मीटर पिस्टल

स्पर्धा में कर्नाटक के जोनाथन एंथनी ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि सर्विसेज के रविंदर सिंह और गुरप्रीत सिंह ने रजत और कांस्य अपने नाम किया।
इस बीच, गोवा की आकांक्षा सुलाखे ने महिला स्क्वैश में स्वर्ण जीता, जबकि पुरुष फाइनल में तमिलनाडु के सेंथिल कुमार ने महाराष्ट्र के राहुल बैथा को 3—0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

रोइंग प्रतियोगिता टिहरी

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत टिहरी झील में आज से रोइंग प्रतियोगिता शुरू हो गई है।
वहीं, मैन फोर में उत्तराखंड के खिलाड़ी सूबेदार नीरज ने बताया कि उनकी टीम ने आज आज पहला स्थान प्राप्त कर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि फाइनल में स्वर्ण पदक जीतना उनका लक्ष्य है।

पल्स एनीमिया अभियान

रुद्रप्रयाग जिले में पल्स एनीमिया महाअभियान के तहत 81 स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने पल्स एनीमिया महाअभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में एनीमिया यानी खून की कमी से मां के स्वास्थ्य में असर डालने के साथ ही शिशु स्वास्थ्य की जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, जिसके दृष्टिगत यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी तक जिले के सभी 81 स्वास्थ्य केंद्रों में महाअभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की जाएगी। जांच में हीमोग्लोबिन कम होने पर संबंधित गर्भवती को महिला चिकित्सकों की देखरेख में आयरन सूक्रोज की दवा दी जाएगी।

सौरभ बहुगुणा

गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आज देहरादून में गन्ना पर्यवेक्षक के पदों पर 72 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विभाग में गन्ना पर्यवेक्षक के पदों पर नियुक्ति के बाद विभाग की समस्याएं धरातल पर काफी कम होगी।
वहीं, श्री बहुगुणा ने कहा कि फंगस के चलते गन्ना काफी खराब हुआ है। उन्होंने बताया कि जिस बीज में रेड रॉट फंगस लगा है, उसे बदलने के लिए अधिकारियों के साथ बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है और रिपोर्ट के अनुसार गन्ना किसानों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज देर रात से पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं—कहीं हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि कल उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना है।